जनतंत्र टुडे

Best Selling BLOG and MAGAZINE
Theme of All Time
Experience the change!



# महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय योगा इंटर कॉलेज में अग्रवाल कॉलेज का रहा परचम

By **Shreyash Panchal** November 18, 2022 1 0



**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित हुई दो-दिवसीय योग प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जोकि 15 से 16 नवंबर 2022 जिसमें पुरुष एवं महिला वर्गप्रतियोगिता संपन्न हुई अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के योग खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया एवं पदक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया महाविद्यालय वापसी पर प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों एवं कोच श्याम आर्य का स्वागत एवं सम्मान किया। अधिक जानकारी देते हुए

महाविद्यालय के समर्पण योग क्लब के कन्वीनर डॉ. नरेश कामरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की पुरुष टीम में राजू , अंकित, विष्णु, हितेश, जतिन, हर्ष शामिल रहे एवं महिला टीम में मीरा, लक्ष्मी, शीतल, भावना, अंशिका, मनीषा शामिल रहे। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक डॉ जगबीर सिंह ने बताया कि काफी कठिन प्रतियोगिता होने के बावजूद महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरुष प्रतियोगिता में सेकंड रन अप खिताब हासिल किया एवं महिला वर्ग में फर्स्ट रनर अप का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को अब आगे ऑल इंडिया योगा यूनिवर्सिटी में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा महाविद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी इस उपलब्धि पर डॉ. के.एल कौशिक, योग कोच श्याम आर्य, मोहित, मधु मौजूद रहे।